Sir, look to the universities. Students are not going for pure sciences today. The University Grants Commission is worried about the strength of the students taking subjects like physics and mathematics. They are worried and these are basic subjects. Therefore, basic research is an important thing in that particular field. We have to encourage. After 12th most of the students go and join professional course. Much of the talent goes in for professional courses and students do not come to the science stream. So, this also has to be remedied somewhere. In order to just promote research, we have to give incentives; we have to give scholarships; we have to give grants and all such things also.

As far as our own universities are concerned, it should be obligatory on their part to have research not only by individual scientists but also through projects. This is going to be the age of knowledge and we are aspiring to make our society a knowledge society. It is a knowledge-centred society. That is why research is very important. You cannot generate new knowledge unless you do research. Knowledge is always generated through research. This particular thing has to be understood. I do not have much to say about all this. But this Board should be autonomous. The University Grants Commission has been ignored, it seems. My earlier speaker talked about it. The University Grants Commission is managing more than 300 universities. That is why the Chairman of the University Grants Commission should be taken on this particular Board. Sir, this is the Board which is going to encourage and promote research in the field of engineering. AICTE also is a very important body. It is managing the affairs of engineering colleges. Therefore, the Chairman or some senior person of the AICTE should be a member of this particular Board.

I have another suggestion to make. You are going to have an Oversight Committee. We have national laboratories across the country. So some experts, one or two people, who are managing and administrating these national laboratories, should be taken on the Oversight Committee. It should look like an academic body. Though the name of the University Grants Commission is Grants Commission, it does not simply give grants, it has to manage academic affairs also. So this particular Board should have this particular function also, not only giving funds, but also framing policies of

research; what kind of research you need. There are many areas which you have not explored so far. For instance, solar energy. We have abundant sunlight in this country. If you can have a very big project and incentives and awards are given to our scientists, we can make great and tremendous progress in this particular field. You have come forward with a Bill which is going to create history in the field of research. Every industry must have its own research laboratory. It should be made compulsory. It is there in America, Germany and other countries where every industry has its own laboratory. Since it is a global age, industries are coming up in a free market economy. Therefore, every industry should have its own laboratory. Thank you.

श्री राजनीति प्रसाद (बिहार): धन्यवाद उपसभाध्यक्ष जी। हम लोग बिहार से आते हैं और 1960, 1964, 1965 या 1970 तक जहां हम लोग पढ़ते थे, वहां इंजीनियरिंग कॉलेज, साइंस कॉलेज में laboratory होती थी। स्कूल में भी laboratory होती थी। लेकिन पिछले 10-15-20 वर्षो में लगता है कि वहां पर कोई काम नहीं होता है। इंजीनियरिंग कॉलेज में बहुत सारे apparatus हैं, बहुत सारे रिसर्च के साधन बनाये गये हैं।

[**श्री उपसभापति** पीठासीन हुए।]

लेकिन वहां कोई function करने वाला नहीं है, कोई रिसर्च करने वाला नहीं है। उसमें न तो शिक्षक की कोई अभिरूचि है और न विद्यार्थियों में ही कोई अभिरूचि पैदा की जा रही है। उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि मंत्री महोदय जो बिल लाए हैं, इसकी बहुत उपयोगिता है और अगर इसका उपयोग सही ढंग से सही मायने में किया जाएगा ...(**व्यवधान**)... मैं यह कह रहा था कि हमारे तिवारी जी ने बड़ी अच्छी बात कही कि हमारे देश के लोग जो विदेश में जाते हैं, उनको नोबल पुरस्कार मिल जाते हैं, इसके उदाहरण हैं। इसका मतलब यह हुआ कि हमारे यहां ऐसे रिसर्च के साधन नहीं हैं, ऐसी कोई बॉडी हमारे यहां नहीं है जो उनका खर्चा दे सके, उनको रिसर्च के साधन मुहैया करा सके। हमारे यहां जो इंजीनियरिंग कॉलेज है, पटना में एनआईटी है, उसको आपने सरकारी तौर पर केन्द्रीय एनआईटी बनाया है, वहां laboratory में जो यंत्रशाला है, उसमें जाल लगे हुए हैं। मतलब उसमें कोई जाता ही नहीं है। टाइम्स कॉलेज में जो रिसर्च की जगह है, उसमें कोई जाता नहीं है, सभी ऑपरेटस पुराने हो गए हैं। तो आपने सही मायने में यह बोर्ड बनाने का जो काम किया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। लेकिन इस पर भी विचार करना पड़ेगा कि जो हमारे यहां बहुत सारे काम हैं, जिनके बारे में अनुसंधान हम लोग कर सकते हैं, अभी तिवारी जी ने कहा कि हमारे यहां 60 साल के बाद भी लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिलता, उसके बारे में क्या invention होगा, कई ऐसे शहर हैं, जहां महीनों नल का पानी नहीं मिलता है, उनके बारे में क्या invention होगा, बहुत से ऐसे रोग हैं, उनके बारे में क्या invention होगा। मैं आपको एक रोग बता रहा हूं, आप चांद पर जा रहे हैं, उस पर कितना काम हो रहा है, मगर एक रोग का आज तक कहीं उपाय नहीं निकला है - कहीं किसी को अगर कैंसर हो गया तो उसके बारे में कहा जाता है कि वह मर गया। कैंसर हो गया, मतलब कैंसिल हो गया। तो जब यह बोर्ड बनेगा और अगर आप इसमें साधन मुहैया कराएंगे तो जो हमारे डाक्टर लोग हैं, रिसर्च करने वाले लोग हैं, वे सही मायने में रिसर्च करेंगे और आने वाले दिनों में आपका या सरकार का सहयोग रहा तो मुझे ऐसा लगता है कि जो बहुत खतरनाक डिसीज़ हैं, उनका भी अनुसंधान हम लोग करेंगे और उससे लोगों को राहत मिलेगी।

मैं आपसे एक अंतिम निवेदन यह करना चाहूंगा कि हिन्दुस्तान में जो साइंस की laboratories हैं, बच्चों के या विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए, उनका भी आधुनिकीकरण करने की जरूरत है, उनमें भी दिलचस्पी लेने की जरूरत है। UGC, जो ग्रांट देती है, उसमें उनको ऐसा कुछ उपाय निकालना चाहिए जिससे कि विद्यार्थियों को रिसर्च का मौका मिले, इंजीनियरिंग करने वालों को रिसर्च का मौका मिले। यही मेरा आपसे निवेदन है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा और आपको धन्यवाद देता हूं कि आप एक बहुत सुंदर और अच्छा बिल लाए हैं। धन्यवाद।

श्री श्रीगोपाल व्यास (छत्तीसगढ़): उपसभापति महोदय, मुझे बहुत खुशी है कि अपेक्षित रिसर्च-अनुसंधान के क्षेत्र में कुछ प्रयास करने के लिए माननीय मंत्री महोदय एक विधेयक लाए हैं। मुझे याद आ रहा है कि मैंने माननीय मंत्री जी से एक प्रश्न पूछा था, उन्होंने उत्तर भी दिया था कि भारत को कब से नोबल प्राइज़ नहीं मिला है? उन्होंने उत्तर दिया था। मैंने यह भी पूछा था यह पुरस्कार प्राप्त करने के लिए इस दिशा में और क्या प्रयास हो रहे हैं? हम सभी जानते हैं, हमारे रमन साहब, रामानुजम साहब और अनेक नाम आप जानते हैं, परन्तु उस दिशा में आपने पहल की है और बेसिक रिसर्च के लिए आप बोर्ड बनाने जा रहे हैं, आप सचमुच बधाई के पात्र हैं।

मेरे दूसरे साथियों ने जो बातें कही हैं, उन्हें मैं नहीं दोहराऊंगा, लेकिन मैं एक-दो उदाहरणों से अपनी बात स्पष्ट करना चाहता हूं। मैं मूलतः एक इंजीनियर हूं, मैंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है और काम से भी मैं एक इंजीनियर हूं। चूंकि मैं भारत सरकार के एक संस्थान में काम करता था, इसलिए मुझे रूस जाने का अवसर मिला था। वहां पर जब प्रथम यात्री अंतरिक्ष में गया था, आपको श्री यूरी गागारिन का नाम याद होगा, जब वह अंतरिक्ष में जा रहे थे, तो उन्होंने एक प्रेस कान्फ्रेंस की और लोगों ने उनसे पूछा कि आप अंतरिक्ष में जाने के लिए इतना खर्च क्यों कर रहे हैं? तब उन्होंने यह कहा था कि मैं जानना चाहता हूं कि सृष्टि का रहस्य क्या है, इसका आधार क्या है, इत्यादि। मैं तब वहां यह सोच रहा था कि आज पश्चिम के वैज्ञानिक इतने प्रश्न भी नहीं पूछ सकते हैं, जो हमारे ऋषियों ने श्वेताश्वतर उपनिषद में पूछे हैं, उत्तर की बात तो आप छोड़ दीजिए, उत्तर तक तो जा ही नहीं सकेंगे। अभी जो बड़ा big bang हुआ, हम सब जानते हैं, वह मामला अभी रुका हुआ है, उनका कोई एक apparatus काम नहीं कर रहा है, वह big bang क्या है, यह हम जानना चाह रहे हैं, सृष्टि का रहस्य क्या है, यह हम जानना चाह रहे हैं।

उपसभापति जी, यह मेरा सौभाग्य है कि जब आप रहते हैं, तो कभी-कभी मुझे आखिर में बोलने का अवसर मिल जाता है। मुझे याद आ रहा था कि मैं तो इंजीनियर हूं, लेकिन भगवान की कृपा है, किसी सत्संग के कारण, मेरे माता-पिता के कारण भी मेरी संस्कृत में रुचि है, हालांकि मैं इसे पढ़ नहीं सका हूं, क्योंकि अंग्रेजों के समय में गणित के साथ हम संस्कृत नहीं पढ़ सकते थे, आप इसमें सुधार लाइएगा। स्कूलों में यह हाल था कि हम गणित और संस्कृत एक साथ नहीं पढ़ सकते थे। मुझे एक श्लोक याद आया, यह श्वेताश्वतर उपनिषद में कहा गया है, खाली भौतिक विज्ञान की बात नहीं है, भारत से विश्व किस बात की आशा करता है? हमने "ज्ञान-विज्ञानं आस्तिक्यं" कहा है। हम सृष्टि के रहस्य को सुख-दुख के कारण के विज्ञान को जानने का शोध हमारे यहां किया गया था और उस उपनिषद का एकाध श्लोक मैं आपसे कहना चाहता हूं - "किम् कारणं ब्रह्मः, कुतस्म जातः, जीवन केन् क्व चं संप्रतिष्ठा?" यह प्रश्न पूछा गया था और उसका उत्तर हमारे यहां योग और ध्यान में मिलता है। आज यहां स्वास्थ्य मंत्री जी भी मौजूद हैं, मुझे बहुत खुशी है कि उन्होंने मेरे एक प्रश्न के उत्तर में मुझसे कहा था कि हां, योग की ओर भी ध्यान दिया जाएगा।

उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह निवेदन करना चाह रहा हूं कि आपने जो सारी सूची बनाई है, जिन लोगों को आप बोर्ड में रखने जा रहे हैं, आप ऐसे संस्थानों के लोगों को भी बोर्ड में जोड़िए, जो प्राचीन भारत के वांगमय पर दृष्टि डालेंगे। हमारा दुर्भाग्य है कि जो लोग कंप्यूटर जानते हैं, वे संस्कृत नहीं जानते, जो संस्कृत जानते हैं, वे कंप्यूटर नहीं जानते और आपको आश्चर्य होगा, आपको पता है, दुनिया भर के कंप्यूटर जानने वालों ने यह कहा कि कंप्यूटर के लिए सबसे अधिक अच्छी भाषा, वैज्ञानिक भाषा संस्कृत है। मैं

तिवारी जी का आभारी हूं कि उन्होंने भाषा की ओर ध्यान आकर्षित किया है। तो संस्कृत वांगमय में इतनी सारी चीजें हैं, कृपा करके आप जो बोर्ड बना रहे हैं, उसमें आप ऐसी संस्थाओं के लोगों को भी जोड़िएगा, तो संस्कृत साहित्य में हो रहे शोध में भी आपकी सहायता कर सकें।

उपसभापति जी, मैं भूतपूर्व प्रधान मंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का एक छंद कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। उन्होंने इस प्राचीन धरोहर पर बोलते हुए कहा था कि -

"**वेद-वेद के मंत्र-मंत्र में,**
मंत्र-मंत्र के अक्षर स्वर में,
ब्रह्मज्ञान आलोक प्रदीपित,
सत्यं शिवं सुन्दरम शोभित।
कपिल कणाद और जैमिनी की,
स्वानुभूति का अमर प्रकाशन,
विषद विवेचन प्रत्यालोचन,
ब्रह्म जगत माया का दर्शन।"

SHRI MATILAL SARKAR (Tripura): Sir, is it science and technology or something else. ...*(Interruptions)*...

श्री श्रीगोपाल व्यास: मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस दिशा में जो लोग लगे हैं, कृपा करके उनको भी इस शोध संस्थान से जोड़िए, इतना ही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

SHRI KAPIL SIBAL: Mr. Deputy Chairman, Sir, at the outset, I am very happy that across this House there is a unanimity of opinion that this is a piece of legislation that ought to be supported. I am grateful to each Member of this House for having got up and given his support for this particular Bill. I am also grateful that at last we have had a debate on an issue relating to science and technology, something that I had been waiting for a long time, which has enabled the hon. Members of this House to express their opinion on aspects of science and technology which necessarily may not have a direct link to the Bill that I have introduced. But, since they have expressed their opinion, I do wish to, very briefly, give a broad picture of where we stand as a country and what we need to do as we move forward.

Sir, I just want to mention—and this is something that has been touched upon by several Members of this House – that not enough money is invested in research and development. I just want to mention the fact that in a country like the U.S.A., on an annual basis, the amount of money for research and development is in the range of 340 billion dollars. In a small country like the U.K., it is 43 billion dollars. In Germany, it is 73 billion dollars. In Japan, it is almost 150 billion dollars. In China, it is about 40 billion dollars. In India, it is only about 8 billion dollars. Now, if this is the kind of investment that the nation makes in research and development, then what is your expectation of the scientific community? And, how do you expect the scientific community to deliver? So, it is not a question of who is in power and who is out of power; I think, it is about time that this nation decided

upon its priority. The other day, a very unfortunate event happened in Mumbai and the nation, in one voice, got up and said that the national security is our priority and rightly so, because, unless a nation is secure, it cannot move forward. Therefore, we all decided that no matter what it takes, it is important to invest in our security systems to ensure that no member of the public is left insecure and no matter how much money it takes, it really does not matter. But, that kind of a sense of urgency has not yet crept into the investments in education and science and technology. मैं मानता हूं कि जब तक हिन्दुस्तान में हम एक होकर यह तय नहीं करेंगे कि विज्ञान व प्रौद्योगिकी और शिक्षा उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी देश की सुरक्षा है, तब तक हिन्दुस्तान कभी महान देश नहीं बन सकता है। बुनियादी तौर पर अगर हिन्दुस्तान को हमें महान बनाना है, तो हमें आर एण्ड डी में खर्च करना होगा। बुनियादी तौर पर हमारे देश को यह फैसला करना होगा कि हिन्दुस्तान के लिए सुरक्षा और शिक्षा, दो बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। हमें दोनों को एक समान देखना पड़ेगा और उन्हें आगे बढ़ाना पड़ेगा। मैंने आपको आंकड़े तो दे ही दिए थे, जहां तक आर एण्ड डी per million की बात है, जो मैंने शुरुआत में भी दिए थे, उसको मैं दोहराना नहीं चाहूंगा, लेकिन मैं एक और आंकड़ा आपको देना चाहूंगा। वह यह है कि जो बाकी देश हैं और वहां जो PhDs हैं, अगर उनकी संख्या हिन्दुस्तान के साथ compare करेंगे, तो आपको पता चलेगा कि हम कितने पीछे हैं। यूएसए में हर साल करीब 35 हजार और चीन में 40 हजार PhDs produce होते हैं, जबकि हिन्दुस्तान में हर साल मात्र 8420 PhDs ही produce होते हैं। कितना भारी अंतर है। और जब शिक्षा के बारे में इस देश में सवाल उठते हैं, जब शिक्षा के क्षेत्र में - जो हमारी universities हैं, उनकी स्वायत्तता की बात उठाती है - तो कभी कोई उस पर ध्यान नहीं देता। वह एक राजनीतिक मुद्दा बन जाता है। इसको कितना मिला, उसको कितना नहीं मिला, इतना होना चाहिए, उतना नहीं होना चाहिए, उसी बहस में जो मूल बात है, हिंदुस्तान को आगे बढ़ाने की, वह खत्म हो जाती है। जब तक हम इस क्षेत्र में राजनीतिक विवाद से उठकर एक राष्ट्रीय नीति के आधार पर आगे नहीं बढ़ेंगे, तब तक, जिस बात पर आज हम सदन में बहस कर रहे हैं, उसका कोई नतीजा नहीं निकलेगा। मैं आपसे आग्रह करूंगा, इस सैशन में तो नहीं, लेकिन जब कभी भी अगला सैशन हो, आपको एक दिन Science and Technology और शिक्षा के ऊपर विचार करना चाहिए, ताकि एकमत होकर सदन में एक नीति बने, राष्ट्रीय नीति बने कि आगे के वर्षों में हमें क्या करना है और क्या जरूरतें हैं।

महोदय, कई और बातें कही गईं, लेकिन मैं ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता। जब मैं यह विधेयक लाया था, तो मैंने इस बारे में, जो मेरी सोच थी - वह कई वर्षों पहले मैंने तय किया था कि वह विधेयक हम लाएंगे और जब मैं ब्यूरोक्रेसी की बात कर रहा था, नौकरशाही की बात कर रहा था, तो मैं उस ब्यूरोक्रेसी की बात कर रहा था कि जब एक proposal सामने आता है, तो एक फाइनेंशियल सिस्टम के द्वारा उसको आगे बढ़ना पड़ता है। जब फाइनेंस में जाता है, तो उसमें कई सैक्शन्स लेनी पड़ती हैं। मैं ऐसी आम ब्यूरोक्रेसी की बात नहीं कर रहा हूं, क्योंकि सरकार जिन नीतियों से आगे चलती है, जिन ब्यूरोक्रेटिक रूल्स से आगे चलती है, उसी को जब हम अपनाते हैं, तो उसमें फिर विलंब आता है। तो मैं कहना यह चाहता हूं कि उस ब्यूरोक्रेसी से मैं छूटकारा पाना चाहता हूं। मतलब हमारे मंत्रालय में जो फाइनेंशियल मैकेनिज्म लागू होते हैं, उनसे मैं छूटकारा पाना चाहता हूं। इसीलिए मैंने यह तय किया कि इस विधेयक के द्वारा हम एक इंडिपेंडेंट बोर्ड का गठन करेंगे, ताकि जो फाइनेंशियल मैकेनिज्म हमें follow करने पड़ते हैं, वे follow न करने पड़ें। इस संदर्भ में मैंने यह फैसला किया और इसी संदर्भ में हमारी सरकार ने यह फैसला लिया कि इस विधेयक को हम आगे लाएंगे।

महोदय, माननीय अग्रवाल जी अभी यहां नहीं हैं, उन्होंने यह बात उठाई कि आपने इसमें केवल दो सौ करोड़ की राशि रखी है। बात असल में यह नहीं है, हमारे पास राशि की कोई प्राब्लम नहीं है। अभी साल का अंत आने वाला है, इसलिए हमने कहा कि आप दो सौ करोड़ से शुरू कीजिए और राशि की कोई दिक्कत नहीं है। मैं आश्वासन देना

चाहता हूं कि जहां तक राशि का सवाल होगा, इसमें हमारी ओर से कोई ऐसा कदम नहीं उठेगा कि बोर्ड का गठन नहीं हो पाया या बोर्ड आगे नहीं बढ़ पाया, क्योंकि राशि कम है - तो ऐसा नहीं है, क्योंकि हमारी जो 11वीं पंचवर्षीय योजना है, उसमें हमारी मिनिस्ट्री को 11,000 करोड़ मिला है, तो कोई दिक्कम की बात नहीं है। फिर उन्होंने कहा है कि ऐसा है कि समुद्र में बड़ी ऐसी चीज़ें हैं, वस्तुएं हैं, जिनका उपयोग हो सकता है। वह बात सही भी है और उस संदर्भ में आप काफी कुछ काम भी कर रहे हैं। इस चर्चा में उसको साथ लगाना कोई जरूरतमंद मैं नहीं समझता, लेकिन केवल इतना जरूर कहूंगा कि उन्होंने समुद्र की बात कही, तो हम poly metallic nodules समुद्र से भी ले रहे हैं और वह साइंटिफिक रिसर्च चल रही है और मैं समझता हूं कि उस साइंटिफिक रिसर्च में विश्व में हम लगभग सबसे आगे हैं। फिर उन्होंने कहा कि सी.एन.आर. राव साहब ने 2005 में कहा था कि इसका गठन किया जाए और आपने इसका गठन नहीं किया, आपको तीन साल लग गए। मैं उनको बताना चाहता था कि हमने विधेयक 2006 में ही तैयार कर लिया था, लेकिन फिर वही बात Committee of Secretaries के पास गई। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करना चाहिए, दूसरे तरीके से करना चाहिए। फिर दोबारा हमारे पास आया, दोबारा विधेयक बनाना पड़ा। फिर वही नौकरशाही की बातें।

फिर हमने इसी साल जुलाई में पेश करना चाहा लेकिन ऐसा कुछ वातावरण बना कि हाउस ही नहीं बैठा। उसके बाद हमें इसे अक्टूबर में आपके पास लाना पड़ा। इसलिए विलम्ब का कारण हम नहीं है। हमने चाहा कि जल्द से जल्द हम इसको पारित करें। फिर उन्होंने यह भी कहा कि जो हमारी कम्पनीज़ हैं, वे बेसिक रिसर्च के लिए कुछ नहीं कर पातीं। वह बात सही है। अभी आपने आंकड़े बताए कि हिन्दुस्तान में जो हमारा R&D in proportion to GDP है, वह केवल 0.8 प्रतिशत है। उसमें 0.7 प्रतिशत public spending है, यानी सरकार की ओर से होता है। केवल 0.1 प्रतिशत प्राइवेट सेक्टर में है। अगर आप विश्व के आंकड़े देखें तो जो जीडीपी का प्राइवेट सेक्टर एक्सपेंडीचर है, चाहे कहीं भी हो - यूएसए हो, यूके हो, जर्मनी हो - बाकी देशों में 65 से 70 प्रतिशत R&D प्राइवेट सेक्टर करता है। जर्मनी, यूके, फ्रांस, कनाडा और यहां तक कि चीन में भी 65 से 70 प्रतिशत प्राइवेट सेक्टर करता है, लेकिन हिन्दुस्तान में केवल 26 प्रतिशत है। जब तक इकनॉमिक ग्रोथ नहीं होगी, तब तक इंडस्ट्री नहीं बढ़ेगी, जब तक इंडस्ट्री के पास पैसा नहीं आएगा तो रिसर्च नहीं करेंगे। आज के दिन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में रिसर्च हो रही है क्योंकि इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में ग्रोथ हो रही है। आज के दिन बायो-टेक्नोलॉजी में रिसर्च हो रही है क्योंकि बायो-टेक्नोलॉजी में ग्रोथ हो रही है। आज के दिन ऑटोमोबाइल सेक्टर में ग्रोथ हो रही है क्योंकि आटोमोबाइल सेक्टर में ग्रोथ हो रही है। जब तक इकनॉमिक ग्रोथ 9 प्रतिशत आगे नहीं बढ़ेगी, जब तक हम प्राइवेट इंडस्ट्री को आगे नहीं बढ़ाएंगे, जब तक उनको मुनाफा नहीं होगा, प्रॉफिट नहीं होगा, तब तक कोई R&D में इन्वेस्ट नहीं करेगा, खासकर बेसिक रिसर्च में कोई नहीं करेगा। अप्लाइड रिसर्च में तो करेंगे क्योंकि अप्लाइड रिसर्च में उन्हें मुनाफा दिखाई देता है। बेसिक रिसर्च बाय एंड लार्ज सरकार ही करती है और सरकार को ही करना चाहिए, यह जिम्मेदारी सरकार की ही होती है। फिर उन्होंने कहा कि जो पैसा आपको मिलता है, आप खर्च ही नहीं करते। यह बिल्कुल गलत है। पिछले तीन साल में जितना भी पैसा एसईआरसी को मिला, सारा खर्च हुआ। एक पैसा भी नहीं बचा। यह अपने आपमें गलत है कि हम केवल बीस प्रतिशत खर्च करते हैं। गिरीश जी ने भी कई मुद्दे हमारे सामने रखे और कहा कि यह एसईआरसी क्या है, इसका रोल क्या होगा? एसईआरसी तो खत्म हो जाएगा क्योंकि जैसे ही हमने बोर्ड का गठन कर दिया तो एसईआरसी का कोई रोल नहीं करेगा। इसके अलावा उन्होंने बिल्कुल सही कहा कि हमें वैल्यू ऐडीशन करना चाहिए, मॉनिटर करना चाहिए। यह सब बिल्कुल सही है, इसलिए हमने बेसिक R&D में इस विधेयक द्वारा बढ़ावा देने की कोशिश की है। पिल्लै साहब ने बहुत सी बातें हमारे सामने रखीं कि किस तरह से हमें बोर्ड का कम्पोज़िशन सही करना चाहिए। मैं इस संबंध में केवल एक बात बताना चाहता हूं। जो आप कह रहे हैं कि जो बोर्ड की कम्पोज़िशन है, यह नौकरशाही से भरी हुई है, यह बिल्कुल गलत है क्योंकि इसमें जो सारे जो

सेक्रेटरीज़ हैं, ये स्वयं बहुत बड़े साइंटिस्ट्स हैं। हमारे मंत्रालय में ऐसा नहीं है कि आईएएस आकर साइंस एंड टेक्नोलॉजी का सेक्रेटरी बन जाता है। जो हमारे सभी सेक्रेटरीज़ हैं, चाहे बायो-टेक्नोलॉजी में हों, चाहे साइंस एंड टेक्नोलॉजी में हो, चाहे सीएसआईआर में हों, वे अपने आपमें देश के महान वैज्ञानिक हैं और उनकी मान्यता है। इसलिए इसमें नौकरशाही की कोई बात नहीं है। इनको साइंस का सब मालूम है और ये जानते हैं कि साइंस कैसे करना है और कैसे पैसे का उपयोग करना है, इसीलिए हमने उनको यहां रखा है। एक और बात है, अगर सरकार प्राइवेट बॉडी को पैसा दे दे तो वह मंजूर नहीं होगा, वह हो ही नहीं सकता क्योंकि यह पैसा सरकारी पैसा है। सरकार को ध्यान देना होगा कि जो भी हम बोर्ड बनाएंगे, उसमें सरकारी लोग रहने चाहिए। लेकिन ये वैसे सरकारी लोग नहीं हैं, ये खुद वैज्ञानिक लोग हैं। You will not find that you will have the Secretary of Science and Technology; Secretary of Bio-technology; Secretary, Department of CSIR; Secretary, Earth Sciences और साथ ही साथ Secretary, Department of Expenditure. इसलिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस इस बोर्ड से होगी। जब सिंगल विंडो क्लीयरेंस होगी तो नॉर्मल ब्यूरोक्रेसी के द्वारा जो डिलेज़ होती हैं, वे खत्म हो जाएंगी। यही हमने प्रयास किया है। साथ-साथ हमने इसमें एच, आई, जे में प्रावधान रखा हुआ है कि हम सेंट्रल गवर्नमेंट द्वारा नॉमिनेट कर सकते हैं जो एमिनेंट लोग हैं, जो एकाडमिक इंस्टीट्यूशन से आए हैं, यानी कोई यू.जी.सी. से हुआ या कोई यूनिवर्सिटी से वाइस चांसलर हुआ, जो अपने आप में बड़े भारी वैज्ञानिक हैं। उनको हम यहां इसी बोर्ड में शामिल कर सकते हैं, उनको नॉमिनेट कर सकते हैं। साथ-साथ में सेंट्रल गवर्नमेंट को यह भी अधिकार है कि जो हमारी रिसर्च लेबोरेट्री हैं उनमें जो खास-खास लोग हैं, उनको भी हम नॉमिनेट कर सकते हैं और फिर जो इण्डस्ट्री में खास-खास एक्सपीरिएंस्ड वैज्ञानिक लोग हैं जो हमें इसमें हमारा साथ दे सकते हैं, उनको भी हम नॉमिनेट कर सकते हैं। तो हर किस्म का रिप्रजेंटेशन है सरकार की ओर से, वैज्ञानिक लोग, यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक लोग, रिसर्च लेबोरेट्रीज के लोग, इण्डस्ट्री के लोग, तो सभी लोगों का यहां रिप्रजेंटेशन है। हमने इस नज़रिए से बनाया है कि बोर्ड का ब्रोड रिप्रजेंटेशन होना चाहिए, ताकि जो फंडिंग मकेनिज्म है वह पूरी सलाह के साथ चले और एक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़े। फिर कुछ माननीय सदस्यों ने यह भी कहा कि जो ओवर साइट कमेटी बनाई है उसमें यूनिवर्सिटी के लोग नहीं रखे। हमने यूनिवर्सिटी के लोग बोर्ड में रखे हैं, तो वहां रखने की जरूरत नहीं है। वहां हमने जो ओवर साइट कमेटी बनाई है, वहां हमने कहा है कि the scientists of eminence of international repute. मतलब, कि हम ग्लोबल कम्युनिटी से भी साइंटिस्ट ला सकते हैं। हमारे कई एन.आर.आईज. हैं जो हिन्दुस्तान के भारी वैज्ञानिक लोग हैं, जो बाहर काम करते हैं। वे चाहते हैं कि हिन्दुस्तान आएं तथा हिन्दुस्तान की इक्कीसवीं सदी की जो कहानी आगे बढ़ रही है, उसमें वे भाग लें, हिस्सा लें, उनका हिस्सा बनें। तो उनको भी यहां लाकर चेयरमेन बना सकते हैं। फिर उसमें President of the Indian National Sciences Academy and Indian National Academy of Engineering वे भी ओवर साइट कमेटी के मेंबर होंगे। फिर सेंट्रल गवर्नमेंट इनमें डिस्टिंग्वुइश साइंस एंड टेक्नॉलोजी के लोग भी शामिल कर सकती है। मतलब कि हर तरफ से चाहे वह ओवर साइट कमेटी हो, चाहे वह हमारा बोर्ड हो, दोनों तरफ से हमारी ब्रोड रिप्रजेंटेशन रहेगी और हम नहीं चाहते थे और यही हमारी सोच थी कि इसमें कोई ब्यूरोक्रेटिक बाधाएं आएं और हमने इस विधेयक की ओर से उन सबको खत्म करने की कोशिश की है। तो इसलिए मैं नहीं समझता जैसे पिल्लै साहब ने कहा कि हमें कोई टू टियर सिस्टम बनाना चाहिए और स्टेट का रिप्रजेंटेशन होना चाहिए। यह केवल जो राशि साइंस एंड टेक्नॉलोजी मिनिस्ट्री को एस.ई.आर.सी. द्वारा मिलती थी, वह राशि अब बोर्ड को मिलेगी। इसके अलावा और कोई बात है ही नहीं। तिवारी साहब ने भी बहुत अच्छी बातें रखीं और मैंने कोशिश की है कि आपकी बातों का जवाब दे दूं। मैं समझता हूं कि जितना हो सकता था मैंने जवाब दिया है। बाकी आपने बिल्कुल सही बात कही कि जो प्रोफिट की बात है वह केवल कम्पनीज़ कर सकती हैं उनको बेसिक रिसर्च से कोई लेना-देना नहीं है। हम वह करना चाहते हैं। जहां तक क्लीन वाटर, हैल्थ एंवॉयरमेंट और बाकी बातें हमारे सामने रखी हैं, उनके बारे में मैं आपके साथ चर्चा कर सकता हूं, दो-चार घंटे लग जाएंगे, क्योंकि उनके बारे में हम बहुत प्रयास कर रहे हैं। इसमें हम बहुत काम कर रहे हैं और मैं समझूंगा कि अगली बार सदन में जब ऐसा मौका मुझे मिलेगा, तो इस बारे में आपको बताऊंगा, क्योंकि उसका इस विधेयक के साथ कोई खास ताल्लुक नहीं है। वाघमरे साहब ने भी बड़ी-बड़ी अच्छी बातें रखीं और यूरी गैग्रीन की भी बातें हुईं और यूरी गैग्रीन हमारे हिन्दुस्तान का सिर ऊंचा करके, चांद पर शायद कुछ वर्षों में पहुंचेंगे।

मैं एक छोटी बात रखना चाहता था कि जनता को, देश को यह जानकारी नहीं है कि हमारे वैज्ञानिक लोग किन कठिनाइयों में इस देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। यह जानकारी नहीं है। उनके ऊपर कितनी पाबंदियां हैं, स्वायत्तता खत्म हो गई, रिसर्च में जो पैसा मिलना चाहिए था अब शायद थोड़ा ज्यादा मिलता है, नहीं मिलता था। इन कठिनाइयों को सामने रखते हुए उन्होंने हिन्दुस्तान को इस गति से साइंस एंड टेक्नॉलोजी में आगे बढ़ाया है कि एक बिलियन डॉलर के साथ में, मैं समझता हूं अपने आप में एक बहुत-बहुत बड़ी बात है। यह उनको श्रेय जाना चाहिए। इसी बात के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने हमारे सामने अच्छी बातें रखी और मुझे इस विधेयक को प्रस्तुत करने का मौका दिया।

SHRI GIRISH KUMAR SANGHI: ये जो "Services of personnel, 'both within and outside the country as consultants, visiting scientists, at such terms and conditions, remunerations, as may be specified in the regulation made by the Board shall facilitate their operation within the country." मेरी दरख्वास्त यह है कि ये जो भी consultant लेंगे, outside the country, वह preferably हिन्दुस्तानी origin के हों, तो ज्यादा बैटर रहेगा।

श्री उपसभापति: बताया है कि एनआरआई का ...(**व्यवधान**)...

श्री गिरीश कुमार सांगी: क्लेरिटी नहीं है।

श्री कपिल सिब्बल: देखिए, मैं आपको एक बात कहूंगा कि कोई साइंटिस्ट किसी देश का नहीं होता है। ...(**व्यवधान**)...

श्री गिरीश कुमार सांगी: सर, मैं 'प्रेफरेबली' बोल रहा हूं।

श्री कपिल सिब्बल: वह हिन्दुस्तानी सबसे अहम होगा, हिन्दुस्तानी को रखेंगे, ...(**व्यवधान**)... हम यह नहीं कहते। ...(**व्यवधान**)... यह कहना कि आप किसी और को नहीं रखेंगे, मैं यह बात नहीं मानता। ...(**व्यवधान**)...

SHRI GIREESH KUMAR SANGHI: Sir, I have used the word 'preferably'.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That has been said.

श्री गिरीश कुमार सांगी: सर, एक बात और है, Providing money is one thing, and utilizing it efficiently and effectively is the most important thing.

SHRI KAPIL SIBAL: No; no, we will take care of that. That is the whole purpose of the Oversight Committee.

SHRI GIREESH KUMAR SANGHI: Time is the essence, Sir.

SHRI KAPIL SIBAL: Yes, time is the essence. Absolutely.

PROF. P. J. KURIEN: Hon. Minister, this has to be an autonomous body to promote science research in the country. And, the Government is appointing expert scientists, and even bureaucrats, as you said, are there. So, should there be a clause in this Bill that the Government can direct this Board for policy matters.

SHRI KAPIL SIBAL: There is already a clause in the Bill. But I really would not like the Government to start a scientific organization.

PROF. P. J. KURIEN: Then, why that clause is there.

SHRI KAPIL SIBAL: That clause is not for directing research. Please read the clause carefully. It is not for directing research. Supposing the Government says that atomic energy is an area where we want to move forward quickly, the Government can request. ...*(Interruptions)*...

PROF. P. J. KURIEN: Some ambiguity is there.

SHRI KAPIL SIBAL: No; no, there is no ambiguity. This is a clause which is there in every statute.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill to provide for the constitution of a Board for promoting basic research in Science and Engineering to provide financial assistance to persons engaged in such research, academic institutions, research and development laboratories, industrial concerns and other agencies for such research and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up clause-by-clause consideration.

Clauses 2 to 22 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, I move:

That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up the Post Graduate Institute of Medical Education and Research, Chandigarh (Amendment) Bill, 2008.

———————

The Post Graduate Institute of Medical Education and Research, Chandigarh (Amendment) Bill, 2008

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. ANBUMANI RAMADOSS): Sir, the Post Graduate Institute of Medical Education and Research, Chandigarh is an autonomous institution by an Act of Parliament. It is a centre of excellence in the medical services, medical research. It is a very simple amendment. The only amendment that we are requesting is that the institution has medical degrees. It also has a dental college and a nursing college. Earlier, the medical degrees were recognized by the institution. But, unfortunately, the dental and the nursing degrees were left out. Then, this was recognized by the Punjab University. So, what we are requesting to this august House is to recognize both these courses, the dental as well as the nursing, also. Please take into consideration this request.

The question was proposed.

श्री विजय कुमार रूपाणी (गुजरात): माननीय उपसभापति जी, अभी मंत्री जी यह पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मैडिकल एजुकेशन एवं रिसर्च, चंडीगढ़ (अमेंडमेंट) बिल, 2008 ला रहे हैं। इस बिल पर हमारा पूरा समर्थन है, लेकिन मैं दो-तीन बातों पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, इस बिल में पोस्ट ग्रेजुएशन की बात है और डेंटल और पर्टिकुलर नर्सिंग के बारे में भी कुछ बातें आप इस बिल में लाए हैं। एक्चुअली डेंटल में इस साल अभी तक चार हजार सीटें खाली हैं, यानी कि जितने डेंटल डॉक्टर्स देश को चाहिए, इससे ज्यादा हैं और अभी भी चार हजार सीटें भरी नहीं गई हैं। मैं डेंटल की पोस्ट ग्रेजुएशन की सीटों को आपके ध्यान में लाने के लिए यह बात कह रहा हूं। दूसरी बात यह है कि आप चंडीगढ़ में MBBS के कॉलेज चालू नहीं कर रहे हैं और उससे ऊपर पोस्ट ग्रेजुएशन के कॉलेज चालू कर रहे हैं। वहां पर पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर है और 1500 बैड का होस्पिटल भी है। वहां पर इतने बैड होने से